02/03/2025

आकाशवाणी ईटानगर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज कहा कि पूरे भारत में बारह अलग-अलग मामलों में उनतीस ड्रग तस्करों को अदालत ने दोषी ठहराया है। श्री शाह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार युवाओं को पैसे के लिए नशे की लत में धकेलने वाले ड्रग तस्करों को दंडित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। उन्होंने नशा मुक्त भारत बनाने के लिए सावधानीपूर्वक जांच के साथ ड्रग के खतरे से लड़ना जारी रखने का संकल्प लिया।

0000000000000000000000

चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि EPIC नंबरों में दो मतदाता फोटो पहचान पत्र का मतलब डुप्लिकेट या नकली मतदाता नहीं है। आयोग ने यह बात कुछ मीडिया रिपोर्टों के बाद कही, जिसमें दो अलग-अलग राज्यों के मतदाताओं के EPIC नंबर एक जैसे होने की बात कही गई थी। आयोग ने स्पष्ट किया कि कुछ मतदाताओं के EPIC नंबर एक जैसे हो सकते हैं; लेकिन एक ही EPIC नंबर वाले मतदाताओं के लिए जनसांख्यिकीय विवरण, विधानसभा क्षेत्र और मतदान केंद्र सहित अन्य विवरण अलग-अलग हो सकते हैं। आयोग ने आगे कहा कि किसी भी आशंका को दूर करने के लिए, उसने पंजीकृत मतदाताओं को विशेष EPIC नंबरों का आवंटन सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है। इस प्रक्रिया में सहायता के लिए ERONET 2.0 प्लेटफ़ॉर्म को अपडेट किया जाएगा।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने नई दिल्ली में आयोजित मैट्रिक्स फाइट नाइट 16 में सोनम ज़ोम्बा की अंतरराष्ट्रीय डेब्यू जीत की सराहना की है। आज सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री खांडू ने उनके शानदार प्रदर्शन और उल्लेखनीय जीत की प्रशंसा की। अपनी जीत के बाद, ज़ोम्बा ने मुख्यमंत्री पेमा खांडू, अपने कोच, परिवार और समर्थकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। तवांग जिले के जंग गांव की रहने वाली एमएमए फाइटर ने कल दिल्ली के सिरी फोर्ट स्टेडियम में सिंगापुर की शि यिन टैन को हराया था।

0000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि, दिल्ली में अरुणाचल प्रदेश जीआई महोत्सव ने दूसरे दिन भी दर्शकों को आकर्षित करना जारी रखा, जिसमें हमारे राज्य की जीवंत सांस्कृतिक विरासत जीआई उत्पादों का जश्न मनाया गया। श्री मेन ने आगे बताया कि, वेस्ट कामेंग का अजी ल्हामू नृत्य और तवांग का स्नो लायन नृत्य हमारी भूमि की समृद्ध परंपराओं को जीवंत करता है। उन्होंने कहा कि हमें अरुणाचल की कलात्मकता, शिल्प कौशल और कृषि उत्कृष्टता को प्रदर्शित करने पर गर्व है, जिसे अब बीस जीआई टैग से मान्यता मिली है। अरुणाचल जीआई महोत्सव 2025 राज्य का पहला भौगोलिक संकेत (जीआई) महोत्सव है।

00000000000000000000

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज सचिव डॉ. सोनल स्वरूप ने अट्ठाईस फरवरी से एक मार्च तक लेपारादा जिले के दो दिवसीय दौरे के दौरान बासार और तिरबिन में बीस से अधिक जीपीसी में विभिन्न कार्यस्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरे के दौरान सचिव ने कल जिला उपायुक्त के कॉन्फ्रेंस हॉल में आरडी और पीआर विभागों के सभी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। परियोजना के लाभार्थी के साथ बातचीत करते हुए सचिव ने सरकारी सहायता के उचित उपयोग पर संतोष व्यक्त किया और शेष पात्र लाभार्थियों के लिए ऐसे और कार्यक्रम शुरू करने का आश्वासन दिया।

0000000000000000000000

तेजू स्थित बेंबोसा पुस्तकालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पोंडिचरी के मशहुर विज्ञान शिक्षक सह सौर उर्जा विशेषज्ञ बापू देशमुख ने स्कूली छात्रों के लिए विज्ञान मनोरंजन का रोमांचक सत्र का आयोजन किया। स्कूल की लंबीं छुट्टी के दौरान छात्रों में सीखने की क्षमता और पढ़ने की इच्छा को विकसित करने के वास्ते बेंबूसा पुस्तकालय ने अगले महीने से विषयों की विस्तृत श्रंख्ला पर प्रश्नोंत्तरी के आयोजन का प्रस्ताव रखा है।

00000000000000000000000

दापोरिजो में कल तागीन प्रेमियर क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे संस्करण का उद्घाटन स्थानीय विधायक तानिया सोकी ने किया। कामले और लेपारादा जिलों सहित कूल ग्यारह टीमें इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे है। प्रतियोगिता को शी-दोनी क्रिकेट फाउंडेशन आयोजन कर रहा है। टूर्नामेंट में दो सौ इकतीस खिलाड़ी भाग ले रहे है।

00000000000000000

मौसम विभाग ने लोअर सुबनसिरी, पापुम पारे, ईस्ट सियांग, लोअर दिबांग वैली, दिबांग वैली, अंजाव, लोहित, चांगलांग, तिराप और लोंगडिंग जिलों में येलो अलर्ट जारी कर दिया है। अगले चौबीस घंटों में मौसम विभाग ने राज्य के अलग-अलग स्थानों में बारिश और तुफान आने की भी चेतावनी जारी की है।

0000000000000000000

एक नए शोधपत्र के अनुसार भारत में पिछले दशक में गरीबी में उल्लेखनीय कमी आई है। अर्थशास्त्री सुरजीत एस भल्ला और करण भसीन द्वारा प्रकाशित इस शोधपत्र में दो हजार बाईस - तेईस और दो हजार तेईस-चौबीस के लिए हाल ही में जारी घरेलू व्यय डेटा का विश्लेषण किया गया है। इन सर्वेक्षणों के डेटा भारत में गरीबी के स्तर में पर्याप्त गिरावट दर्शाते हैं। शोधपत्र में यह भी कहा गया है कि इस बात के पुख्ता सबूत हैं कि भारत ने दो हजार ग्यारह - बारह से दो हजार तेईस - चौबीस तक पिछले बारह वर्षों में असमानता में भारी कमी देखी है।

000000000000000000000

राज्य सरकार ने राजधानी ईटानगर स्थित देरा नातुंग राजकीय कॉलेज की पांच सौ छात्रों के आकलन पर आधारित आर्टिफिसिएल इंटीलेजेंस पर विशेषकर केंद्रित करते हुए एक आरंभिक परियोजना को कल शुरुआत की है।

इस आरंभिक परियोजना का उद्देश्य रिएल टाईम डाटा और रिपोर्ट्स को एकत्रित करते हुए ए आई संचालित योग्यता और मूल्यांकन की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना है। दूरदर्शन के साथ बातचीत में डी एन जी सी प्रिंसिपल डॉ एम क्यू खान ने बताया की चौबीस फरवरी से आरंभ हुआ है और अब तक इसमें पांच सौ छात्रों ने हिस्सा लिया है।

0000000000000000000